Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 7:02 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:35 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 47 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 4 अगस्त 2025



फिल्म को नेशनल अवॉर्ड मिलने...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### बाइक सवार बदमाश सब्जी खरीद रही महिला के गले से चेन और मंगलसूत्र छीन कर भागे

**रुद्रपुर।** शहर में झपटमारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सिंह कॉलोनी क्षेत्र में दो अज्ञात बाईक सवार बदमाशों ने एक महिला से झपट्टा मारकर चेन और मंगलसूत्र छीन कर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कविता रावत पत्नी हिमांशु बरगली निवासी गली नंबर 6, सिंह कॉलोनी ने बताया कि विगत शाम करीब 8 बजे शिव मंदिर के पास एक ठेले से सब्जी खरीद रही थीं। इसी दौरान एक बाईक पर सवार दो युवक पीछे से आए और झपट्टा मारते हुए गले से चेन और मंगलसूत्र छीन कर भाग निकले। पीड़िता ने इसकी सूचना आदर्श कॉलोनी चौकी पहुंचकर दी। पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर झपटमारी की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से बदमाशों की पहचान करने की कोशिश कर ही है। फिलहाल पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली है।

### वाहन पर गिरी भारी चट्टान, दो लोगों की मौत, पांच घायल

**कोटद्वार।** कोटद्वार-पौड़ी हाईवे पर सिद्धबली मंदिर के पास सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। किल्बोखाल से कोटद्वार आ रही मैक्स पर अचानक पहाड़ी से भारी चट्टान और मलबा गिर गया। हादसे में वाहन सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। मृतकों की पहचान सतबीर (20) और रविंद्र उर्फ मोटा (32) के रूप में हुई है, जो पौड़ी गढ़वाल जनपद के रहने वाले थे। घायल लोगों को बेस अस्पताल कोटद्वार में भर्ती कराया गया है, जिनमें गंभीर रूप से घायल चालक देवेंद्र और दिनेश को हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है। घायलों में मीनाक्षी, पंकज, सिमरन, देवेंद्र और दिनेश शामिल हैं। घटना के बाद प्रशासन और राहत टीमें मौके पर पहुंचीं और घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। पहाड़ी क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से भूस्खलन का खतरा बना हुआ है।

## पहाड़ों में आज भी भारी बारिश की चेतावनी, स्कूल बंद का आदेश पहुंचा नहीं

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में आज भारी बारिश को देखते हुए स्कूल बंद रखने के आदेश दिए गएय, लेकिन आदेश स्कूलों तक पहुंचा ही नहीं। उत्तराखंड में आज सुबह से भारी बारिश का दौर जारी है।

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार नैनीताल, चम्पावत और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में भारी से भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। इसके अलावा अन्य जिलों में भी तेज दौर की बारिश होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक रोहित थपलियाल ने बताया, पांच अगस्त तक प्रदेशभर में तेज दौर की बारिश होने की संभावना है। खासकर पर्वतीय इलाकों में तेज दौर की बारिश होने से परेशानियां बढ़ सकती है। हिदायत देते हुए कहा, आवश्यक न हो तो पर्वतीय इलाकों में यात्रा करने से बचें।



देहरादून के कई इलाकों में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी बारिश के साथ आंधी, बिजली चमकने और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। स्थिति को देखते हुए डीएम ने सभी शासकीय, गैर-शासकीय और निजी स्कूलों में आज सोमवार को छुट्टी घोषित की। लेकिन आदेश स्कूलों तक पहुंचा ही नहीं। ऐसे में बच्चे स्कूल पहुंच गए। जिन्हें बसें घर छोड़ रही हैं।

### लगातार बारिश से प्रदेश में 59 सड़कें भी अवरुद्ध

प्रदेश में बारिश के बाद मलबा आने से तवाघाट-घटियाबगड़-लिपुलेख राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 59 सड़कें बंद हैं। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों की 36 सड़कें शामिल हैं। पिथौरागढ़ जिले में तवाघाट-घटियाबगड़-लिपुलेख राष्ट्रीय राजमार्ग में मलघट के पास मलबा आया है। इसी जिले में धारचूला-तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग किलोमीटर 56.700 पर बड़े पत्थर आने से बंद है। जौलजीबी-मुनस्यारी मोटर मार्ग में भी विभिन्न चार स्थानों पर बड़े पत्थर आ गए हैं। वहीं, जिले के थल-मुनस्यारी मार्ग के किलोमीटर 166.171 पर मलबा आ गया है।

लोकसभा में हंगामे के बीच कार्य बाधित

## राज्यसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित

**नई दिल्ली**
एजेंसी

संसद के मानसून सत्र का आज 11वां दिन है, पिछले 10 दिनों में सदन की कार्यवाही ज्यादातर हंगामे के भेंट ही चढ़ी है। कुल मिलाकर मानसून सत्र राजनीतिक टकराव का केंद्र बना हुआ है। सरकार अपने विधायी कार्यों को आगे बढ़ाना चाहती है, वहीं विपक्ष एसआईआर समेत मुद्दों पर बहस को लेकर अड़ा हुआ है।

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, यह (एसआईआर) बहुत बड़ा मुद्दा है और सरकार को इसपर चर्चा करनी चाहिए। चर्चा करें और आगे बढ़ें।

कांग्रेस सांसद किरण कुमार चमाला ने एसआईआर के मुद्दे पर कहा, %भारत का चुनाव आयोग, खासकर बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान, मतदाताओं को हाशिए पर रखकर, चुनावी धोखाधड़ी को बढ़ावा दे रहा है... महाराष्ट्र चुनाव के दौरान हमने साफ़ तौर पर देखा कि विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव के बीच लगभग एक करोड़ मतदाता जोड़े गए थे, जिस पर ठीक से ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन इस बार हम सभी विपक्षी दल चाहते हैं कि भारत का चुनाव आयोग पारदर्शी हो। हम चाहते हैं कि इस पर संसद में, राज्यसभा और लोकसभा में भी चर्चा हो, लेकिन वे(सत्ता पक्ष) इसमें रुचि नहीं ले रहे हैं। यह एक लोकतांत्रिक देश है, जो कि दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था है... मतदाता सूची में नाम जुड़ रहे हैं और हटाए जा रहे हैं। ऐसे में ऐसा क्यों हो रहा है या किस आधार पर हो रहा है, यह स्पष्ट होना चाहिए...अभी बिहार में चुनाव हैं। इसके बाद पश्चिम बंगाल में चुनाव होंगे। फिर असम में चुनाव होंगे। अगर यही सिलसिला चलता रहा तो इस देश में लोकतंत्र डिरेल हो जाएगा।





अमेरिकी राष्ट्रपति की तरफ से भारतीय उत्पादों पर 25त्न टैरिफ लगाने के मामले पर कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा, भारत को अपने हित सर्वोच्च रखने हैं। अगर कहीं सस्ता कच्चा तेल उपलब्ध है तो हमें उसे खरीदना चाहिए। सोवियत रूस हमारा एक विश्वस्त सहयोगी रहा है।

## झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का निधन

**नई दिल्ली**
एजेंसी

शिबू सोरेन वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे। कई दिनों से उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। वे एक महीने से ज्यादा समय से राष्ट्रीय राजधानी के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें जून के आखिरी हफ्ते में किडनी संबंधी समस्या के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का सोमवार को निधन हो गया। वे 81 साल के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके बेटे और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने एक्स पर लिखा, आदरणीय दिशोम गुरुजी हम सभी को छोड़कर चले गए हैं। आज मैं शून्य हो गया हूं...। इस बीच सर गंगा राम अस्पताल की ओर से बताया गया कि शिबू सोरेन को आज सुबह 8ः56 बजे मृत घोषित कर दिया गया। लंबी बीमारी के बाद उनका निधन हो गया। वे किडनी की बीमारी से पीड़ित थे और डेढ़ महीने पहले उन्हें स्ट्रोक भी हुआ था। पिछले एक महीने से वे लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर थे। 81 वर्षीय शिबू लंबे समय से अस्पताल में नियमित रूप से इलाज करा रहे थे। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 24 जून को अपने पिता के अस्पताल में भर्ती होने पर कहा था, उन्हें हाल ही में यहां भर्ती कराया गया था, इसलिए हम उनसे मिलने आए थे। उनकी स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की जा रही है।



शिबू सोरेन पिछले 38 वर्षों से झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता थे और उन्हें पार्टी के संस्थापक संरक्षक के रूप में जाना जाता है। शिबू सोरेन का जन्म 11 जनवरी 1944 को रामगढ़ के नेमरा गांव में हुआ था। बचपन से ही उन्होंने आदिवासी समुदाय की समस्याओं, शोषण और अन्याय को करीब से देखा। 1960 के दशक में उन्होंने आदिवासी अधिकारों और जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष शुरू किया। 1970 के दशक में उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झ्रूरू) की स्थापना की। उनका मुख्य उद्देश्य अलग झारखंड राज्य की मांग को लेकर आंदोलन चलाना था। इस आंदोलन में उन्होंने आदिवासियों के जमीन छीनने, शोषण और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई।

## भुजियाघाट के पास आए रपटे के तेज बहाव में बहे दो युवक

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नैनीताल से हल्द्वानी आ रहे दो व्यक्ति रविवार की शाम को तेज बारिश में भुजियाघाट के पास आए रपटे में तेज पानी के बहाव की चपेट में आकर अपने स्कूटी वाहन सहित बह गए। जिसकी सूचना मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई।

सूचना मिलते ही पंकज जोशी थानाध्यक्ष काठगोदाम पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तथा उच्चाधिकारियों को इस घटना की जानकारी दी गई। मौके पर एसडीआरएफ और फ ायर टीमों तथा स्थानीय युवकों के सहयोग से पुलिस द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। पुलिस व स्थानीय निवासियों के प्रयासों द्वारा पानी के तेज बहाव में डूबे हुए 02 व्यक्तियों में से 1 व्यक्ति को तत्काल रेस्क्यू कर 108 के माध्यम से उपचार हेतु सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा गया। उसके पश्चात दूसरे व्यक्ति की तलाश में पुलिस टीम जुट गई। कड़ी मशक्कत के बाद दूसरे व्यक्ति को भी रेस्क्यू किया गया। व्यक्ति की स्थिति काफी गंभीर थी। अत्यधिक बारिश और आपातकालीन परिस्थिति को देखते हुए मौके पर मौजूद नितिन लोहनी सीओ हल्द्वानी द्वारा अपने सरकारी वाहन में उक्त व्यक्ति को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल रवाना हुए और व्यक्ति को त्वरित उपचार दिलवाया गया। पुलिस के मुताबिक रेस्क्यू किए गए व्यक्तियों में अरुण पुत्र राकेश लाल निवासी निकट रैमजे अस्पताल नैनीताल तथा अभिजीत तिवारी निवासी बड़ा बाजार नैनीताल शामिल थे।

## किसी बहन, बेटी को परेशानी हो तो मेरे कार्यालय से करें संपर्क:सीएम धामी

**देहरादूनर**
हमारे संवाददाता

प्रदेश की किसी भी बहन-बेटी को कोई परेशानी हो तो मेरे कार्यालय से संपर्क करें। यह कहना है मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का। उन्होंने यह बात यहां गढ़ी कैंट में आयोजित रक्षाबंधन समारोह में कही। सीएम ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि उनकी परेशानी का संज्ञान लेकर उसका निस्तारण कर एक भाई होने का कर्तव्य निभा सकूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समारोह में वह मुख्यमंत्री नहीं बल्कि भाई के रूप में मौजूद हैं। सरकार ग्रामीण महिलाओं की आजीविका में वृद्धि के लिए जल्द ही जल सखी योजना शुरू करने जा रही है। इसके साथ ही पेयजल आपूर्ति का काम महिला स्वयं सहायता समूहों को सौंपने की भी तैयारी की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में नए कनेक्शन, बिल वितरण, बिल वसूली और योजनाओं के रखरखाव का काम आउटसोर्स के आधार पर महिला स्वयं सहायता समूहों को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की महिलाओं की ओर से बनाए गए उत्पादों की वैश्विक पहचान बनी है। सरकार ने तीन जैसी कुप्रथा का अंत करने के साथ, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, शौचालयों के निर्माण, आवास योजनाओं के तहत महिलाओं को प्राथमिकता, मातृत्व अवकाश में वृद्धि एवं बेटियों के लिए सेना और सैनिक स्कूलों का रास्ता खुलवाकर उन्हें सशक्त बनाने का काम किया है। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि रक्षाबंधन जो पारिवारिक उत्सव है उसे यहां सामाजिक उत्सव के रूप में विस्तार दिया गया है। जो अच्छी पहल है। यह पर्व प्रेम और संकल्प का प्रतीक है। जो बताता है कि समाज में हर नारी की रक्षा करना परिवार नहीं बल्कि पूरे समाज व देश के हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा, महिलाओं के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए पहले जो योजनाएं बनती थी, वे भाई भतीजा वाद तक सीमित थी, लेकिन अब विकास की योजनाएं हर गरीब के घर तक पहुंच रही है। रक्षा बंधन समारोह की अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने की। समारोह में भाजपा युवा मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, निर्मला जोशी आदि मौजूद रहे।



# तीज महोत्सवः ज्योति भट्ट तीज क्वीन चुनी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

लेक सिटी वेलफेयर कलब द्वारा गोवर्धन हाल में तीज महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें शहर के 70 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में ज्योति भट्ट तीज क्वीन चुनी गई।

इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ कलब की महिलाओं ने गौरी पूजन कर किया। इसके बाद महिलाओं ने कैटवॉक डांस क्विज आदि राउंड में भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक प्रशासनिक अकादमी नैनीताल पूनम पंत रही। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि तीज सिर्फ एक पर्व नहीं यह हमारी परंपराओं की धरोहर और नारी सशक्तिकरण का प्रतीक है। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में आशा शर्मा, ईशा शाह, कलब की अध्यक्ष आभा शाह, कविता त्रिपाठी, कार्यक्रम संयोजक रानी शाह तथा सह संयोजक विनीता पांडे, हेमा भट्ट, गीता शाह, मंजू बिष्ट, अमि ता शाह, रमा भट्ट, रमा तिवारी, ज्योति ढौडियाल,



दीपा पांडे, मीनाक्षी कीर्ति, पल्लवी, सीमा सेठ, दीपिका बिनवाल, जीवंती भट्ट, डा.प्रगति जैन, कंचन जोशी, लीला राज, अनुराधा भट्ट, जया वर्मा, सविता कु लौरा, दया कुंवर, मधुमिता, तनप्रीत, रेखा जोशी, सरस्वती शिराला एवं मानसिक गर्ग उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन विनीता पांडे, मीनाक्षी कीर्ति एवं दीपा पांडे ने संयुक्त रुप से किया। अंत में कलब की अध्यक्ष आभा साह व कार्यक्रम संयोजक रानी शाह ने मुखय अतिथि समेत सभी का विशेष आभार जताया। प्रतियोगिता में सेकंड रनर अप दिव्या शाह जबकि फ र्स्ट रनर अप ज्योति चौधरी रही। इसके साथ ही रेखा बिष्ट को बेस्ट ड्रेस पूनम रस्तोगी को बेस्ट मेकअप, गीता मेहरा को बेस्ट हेयर स्टाइल जबकि भावना रस्तोगी को बेस्ट ज्वैलरी वहीं कनिका बिष्ट को बेस्ट कैटवॉक तथा मोनिका पांडे को बेस्ट डांस जबकि खुशबू तिवारी शर्मा को सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति जबकि गायत्री ओली, राधा मेहरा एवं गीता आर्य को विशेष पुरस्कार दिया गया।



# नियमितीकरण को 394वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट -2025 को लेकर जारी किया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन रविवार को 394वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में रविवार को आंदोलन के 394 वें दिन डीडीहाट के नारायण नगर स्थित नारायण स्वामी आश्रम परिसर में आश्रम के व्यवस्थापक दीप चंद्र पांडे के साथ एक पौधा धरती मां के नाम के तहत विभिन्न पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर व्यवस्थापक दीप चंद्र पांडे ने कहा कि पौधारोपण आंदोलन भविष्य में एक नजीर बनेगा।

कहा कि सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करना चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर नारायण आश्रम की जानकारी दी। और कहा कि एक बार इस आश्रम के भी जिसे पूज्य नारायण स्वामी जी ने बनवाया आकर प्रकृति का आनंद उठाएं।

# 23ट्राईक्लब द्वारा मैराथन का आयोजन 700 से अधिक धावकों ने लिया भाग

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड 723 ट्राईक्लब द्वारा आयोजित मैराथन में 21 किमी, 10 किमी और 5 किमी की श्रेणियों में दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश और अन्य राज्यों से करीब 700 धावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुमित हृदयेश शामिल हुए और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शोभा को लोकगायिका माया उपाध्याय और कृष्ण कुमार ने अपनी मधुर आवाज़ों से चार चाँद लगाए। उत्तराखंड के लोकगीतों की प्रस्तुतियाँ खास आकर्षण रहीं। इसके अलावा बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम ने दर्शकों का मन मोह लिया और पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। यह आयोजन फिटनेस, संस्कृति और सामुदायिक सहभागिता का सुंदर संगम साबित हुआ।




## NEWS / फटाफट

### सेलिंग अभियान का उद्घाटन समारोह आयोजित

**नैनीताल ।** 5 यूके नेवल यूनिट एनसीसी नैनीताल द्वारा आयोजित सेलिंग अभियान (मेनू कैंप) का उद्घाटन समारोह सोमवार (आज) आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर कुलपति कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल प्रो.कर्नल दीवान सिंह रावत मुखय अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और कैंप का उद्घाटन करेंगे। 5 यूके नेवल यूनिट एनसीसी के सीओ कैप्टन (भारतीय नौ सेना)मृदुल शाह ने बताया कि सोमवार (आज) सुबह 11 बजे से एनसीसी बोट पूल( माँ नयना देवी मंदिर के पास)मल्लीताल में यह सेलिंग अभियान शुरु होगा। बताया कि यह अभियान 13 अगस्त (बुधवार)तक प्रतिदिन सुबह 7 बजे से शाम 50 बजे तक चलेगा, जिसमें 0 60एनसीसी कैडेट्स भाग लेंगे। उन्हें व्हेलर सेलिंग, ईपी सेलिंग और विंड सर्फिंग का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### तनावपूर्ण दिनचर्या से निपटने को कार्यशाला

**नैनीताल ।** पुलिस कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने व तनावपूर्ण दिनचर्या से निपटने के लिए पुलिस लाइन में कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में एसपी अपराध व याताया डॉ. जगदीश चंद्र व लालकुआं सीओ दीपशिखा अग्रवाल की ओर से पुलिस कर्मियों से मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न मुद्दों पर संवाद स्थापित किया गया। रविवार को हुई कार्यशाला में मनोचिकित्सक आरती संखला व सिद्धार्थ दास ने पुलिस कर्मियों को संवाद ऐप के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही मानसिक तनाव से मुक्त रहने के उपाय और प्रत्येक दिनचर्या में अपनाए जाने वाले तरीकों के बारे में बताया। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यशाला के माध्यम से लगभग 120 पुलिस कर्मी लाभांवित हुए। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक हरकेश सिंहए प्रभारी महिला सुरक्षा हेल्पलाइन सुनीता कुंवर आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम ने किया संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण

**रामनगर।** बरसात के मौसम में किसी भी संभावित खतरे से पहले प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। जिलाधिकारी महोदया के निर्देश पर उपजिलाधिकारी रामनगर ने क्षेत्र के आपदा संभावित इलाकों का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि फिलहाल रामनगर क्षेत्र में जलस्तर सामान्य बना हुआ है और किसी प्रकार की आपात स्थिति नहीं है। बावजूद इसके प्रशासन ने एहतियात के तौर पर राजस्व विभाग समेत सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश जारी कर दिए हैं। एसडीएम कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, नदियों के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और किसी भी आपात परिस्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन दलों को भी सतर्क किया गया है।

### खुसबू के चयन पर किया सम्मानित



**हल्द्वानी।** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी की छात्रा खुशबु तिवारी उत्तराखंड की सब जूनियर मुक्केबाजी टीम में अंतिम रूप से चयनित होने में सफल रही हैं। नोयडा में आगामी 7 से 13 अगस्त तक होने वाली राष्ट्रीय सब जूनियर मुक्केबाजी प्रतियोगिता में वह उत्तराखंड की टीम में सम्मिलित रहेंगी।. खुशबु के राष्ट्रीय स्तर पर मुक्केबाजी के लिए चयन होने पर सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी में उसे सम्मानित किया गया और सभी ने राष्ट्रीय स्तर पर उसके सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए शुभकामनायें प्रदान की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा प्रवीन्द्र कुमार रौतेला ने उसको बधाई देते हुए इसे बड़े गौरव की बात बतायी कि स्कूल की कक्षा 9 की एक छात्रा राष्ट्रीय स्तर पर खेल में अपनी प्रतिभागिता करेगी। उन्होंने कहा कि इससे अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी और वो भी किसी न किसी खेल को चुनकर आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर तमाम शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# देवभूमि ई-रिक्शा डीलर्स एसोसिएशन और ई रिक्शा चालकों ने महापौर का अभिनंदन किया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

ई-रिक्शा चालकों को पंजीकरण में आ रही गंभीर समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने पर देवभूमि ई-रिक्शा डीलर्स एसोसिएशन ने सिटी क्लब में आयोजित एक सम्मान समारोह में महापौर विकास शर्मा का भव्य अभिनंदन किया। इस दौरान ई-रिक्शा चालकों एवं डीलर्स ने महापौर को शॉल ओढ़ाकर, स्मृति चिह्न भेंटकर तथा पुष्पगुच्छ देकर संमानित किया। कुछ समय पूर्व परिवहन विभाग पूरे कुमाऊं क्षेत्र में ई-रिक्शा के पंजीकरण हेतु 15 वर्षों का एकमुश्त कर जमा करने का नया नियम लागू कर दिया था। पहले यह कर वार्षिक रूप से लिया जाता था, लेकिन नये प्रावधान ने आर्थिक रूप से कमज़ोर ई-रिक्शा चालकों पर अचानक भारी बोझ डाल दिया। इस फैसले से चालक समुदाय में नाराजगी और असंतोष फैल गया। परेशान चालकों ने महापौर विकास शर्मा से मुलाकात कर अपनी पीड़ा साझा की और राहत दिलाने की गुहार लगाई थी। महापौर ने सीएम पुष्कर सिंह धामी से संपर्क साधा और उन्हें इस नए नियम के दुष्परिणामों से अवगत कराया। सीएम ने महापौर की मांग पर तत्परता दिखाते हुए परिवहन विभाग के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये। इसके बाद संभागीय परिवहन अधिकारी, हल्द्वानी ने स्पष्ट आदेश जारी करते हुए यह निर्देश दिया कि अब ई-रिक्शा एवं ई-कार्ट के पंजीकरण हेतु केवल एक वर्षीय कर जमा करने की व्यवस्था ही लागू होगी। महापौर ने कहा गरीब ई-रिक्शा चालकों की आवाज़ सरकार तक पहुंचाना हमारा दायित्व है। जिस संवेदनशीलता से इस विषय को त्वरित संज्ञान में लेकर कार्रवाई की। कार्यक्रम में ई-रिक्शा डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आनन्द सिंह, उपाध्यक्ष जसवंत सिंह, कृपाल सिंह, कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता, पदम प्रताप सिंह, राजन, नवीन वत्स, देव सिंह, दिलशाद अहमद आदि शामिल रहे।

# युवक को चाकू से हमला, अस्पताल में भर्ती कराया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नगर पूरी तरह से अपराधियों के हवाले है जहां अपराधी आए दिन एक न एक वारदात को अंजाम देते नजर आ रहे हैं नगर में बढ़ती अपराधी गतिविधियों को लेकर जहां पुलिस नगर को अपराधियों से मुक्त होने की बात कहती है वहीं अपराधीयो के हौसले बुलंद हो रहे हैं। सरे आम अपराधियों ने बीच सड़क पर एक युवक को चाकू से गोदने की कोशिश की। वो इसमें काफी हद तक कामयाब भी रहे।

युवक के सिर और मुंह पर चाकू मारा गया है। इतना ही नहीं उसका गला भी रेतने की कोशिश की गयी। हमलावरों में दो युवक और एक युवती हैं। जख्मी युवक को बेस अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। घायल युवक ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की गुहार लगाते



हुए तहरीर सौंपी है। वार्ड-27 कब्रिस्तान गेट हल्द्वानी निवासी राहुल सागर पुत्र लालाराम सागर ने पुलिस को सौंपी तहरीर कहा कि बीते दिवस को साढ़े सात बजे वह निजी कार्य से घर से निकला था। जैसे ही वह तिकोनिया के पास पहुंचा तभी दो युवकों व एक युवती थी, तीनों ने उसे घेर लिया। तीनों हमलावर अंबेडकर नगर, के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

तीनों ने राहुल के सिर और मुंह पर धारदार चाकू से लगातार हमले किए। जिस कारण गंभीर हालत में राहुल बीच सड़क लहूलुहान हालत में गिर गया। शोर-शराबा सुनकर आस-पास के लोग एकत्र हो गए। भीड़ को देख मौके से तीनों हमलावर यहां से फरार हो गए। घायल हालत में युवक को बेस अस्पलात लाए जहां उसके सिर में करीब दस टांके लगे। घायल राहुल ने आरोप लगाया कि तीनों लोगो ने उसका गला रेतने की भी कोशिश की।

लेकिन लोगों के आ जाने से वह बच गया। घायल युवक ने हमलावरों पर जातिसूचक टिप्पणी का भी आरोप लगाया है। इधर कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। ओर आस पास के सीसीटीवी खंगालने के लिए निर्देश गए हैं। सीसीटीवी फुटेज जाने के बाद ही आगे की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# अभिमत

## उपभोक्ता का शोषण

***नगर निगम में शामिल किये गये अधिकतर नये वार्डों में एक दिन छोड़कर तीसरे दिन जल आपूर्ति कुछ घंटे की जाती है। नलकूप का पम्प अक्सर फुंक जाने पर सप्ताह और उससे ज्यादा दिन तक पेयजल को लोग तरसते रहते हैं। टैंकर से जल लेकर काम चलाते हैं, फिर भी निर्धारित जल मूल्य का भुगतान करते हैं। पानी के मीटर की तरह ही बिजली के स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ता परेशान हैं। उत्तराखंड राज्य का गठन होने के बाद मैन्युअल मीटर हटाकर डिजिटल मीटर लगाये गये थे।***

लोकतंत्र में निर्वाचन के माध्यम से देशवासी जनप्रतिनिधियों को चुनते हैं। बहुमत वाले दल को सरकार बनाने का मौका मिलता है। जनहित और राष्ट्रहित सर्वोपरि होता है। सत्ता का संचालन करने वाले जनकल्याण की नीतियां बनाते हैं। जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के अधिकारियों को जनता की समस्याओं का समाधान करके सुविधा प्रदान करनी चाहिए। उत्तराखंड राज्य का गठन होने के बाद प्रदेशवासियों को मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझना पड़ रहा है। 'जल ही जीवन है' को उत्तराखंड में झुठलाया जा रहा है। पर्वतीय से लेकर तराई तक पेयजल का संकट है। 'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत 'हर घर नल' की योजना पूरी नहीं हो सकी है। करीब दो दशक पहले पानी के कनेक्शन से मीटर हटा दिये गये थे। सभी उपभोक्ताओं से निर्धारित राशि जल मूल्य के तौर पर वसूल की जा रही थी। अब मीटर लगाकर बिल भेजे जा रहे हैं। उपभोक्ताओं को शिकायत है कि दो महीने का बिल 10 हजार से 17 हजार रुपये तक भेजा गया है, जबकि बिना मीटर के करीब एक हजार रुपये जल मूल्य का भुगतान करते रहे हैं। उपभोक्ताओं ने बेतहाशा ज्यादा बिल का भुगतान करने का विरोध किया है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बिना पानी सप्लाई के प्रेशर के चलते मीटर तेजी से भाग रहे हैं। हल्द्वानी महानगर निगम क्षेत्र के अनेक वार्डों में अभी तक पेयजल की सप्लाई शुरू नहीं हुई है। नगर निगम में शामिल किये गये अधिकतर नये वार्डों में एक दिन छोड़कर तीसरे दिन जल आपूर्ति कुछ घंटे की जाती है। नलकूप का पम्प अक्सर फुंक जाने पर सप्ताह और उससे ज्यादा दिन तक पेयजल को लोग तरसते रहते हैं। टैंकर से जल लेकर काम चलाते हैं, फिर भी निर्धारित जल मूल्य का भुगतान करते हैं। पानी के मीटर की तरह ही बिजली के स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ता परेशान हैं। उत्तराखंड राज्य का गठन होने के बाद मैन्युअल मीटर हटाकर डिजिटल मीटर लगाये गये थे। तर्क दिया गया कि डिजिटल मीटर से बिजली चोरी संभव नहीं है। अब अचानक स्मार्ट मीटर लगाये जाने लगे। स्मार्ट मीटर की विशेषता नहीं बताई गई। उपभोक्ताओं को शिकायत है कि स्मार्ट मीटर से बिजली का बिल कई गुना आने लगा है। पानी की तरह बिजली की सप्लाई भी नियमित नहीं है। ऊर्जा प्रदेश का दावा करने वाली सरकार घंटों विद्युत कटौती कर रही है। पानी और बिजली की किल्लत दूर नहीं करके उपभोक्ताओं का मीटर के बिल से शोषण किया जा रहा है।

# कुमाऊं विवि में दो दिवसीय कार्यशाला शुरु

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग तथा वन विज्ञान विभाग के अनुसंधान नेशनल रिसर्च फ उंडेशन एनएआरएस न्यू दिल्ली द्वारा प्रदत प्रोजेकट वाटर रिलेशन ड्राउट एडेपटेशन एंड फि निलॉजिकल वेरिएशन चेंज इन क्वारकस लोरीबंड फ रॅस्ट इन दी वेस्टर्न हिमालय रीजन ऑफ उत्तराखंड विषय पर एसएसआर एकटीविटी के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यशाला शुरु हुई।

कार्यशाला के प्रथम सत्र में मुखय अतिथि जेएनयू नई दिल्ली के प्रो. सतीश गरकोटी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से आम व्यक्ति प्रभावित हो रहा है तथा हर व्यक्ति की जिमेदारी है कि इसी मिटिगेशन पर काम करे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से जलवायु परिवर्तन से पौधों की तथा आकारिकी प्रभावित हो रही हैं वह गंभीर है । प्रोजेकट के पीआई प्रो. आशीष तिवारी ने कयूरकस लोरिबंड के बीज रीजनरेशन पर कलाइमेट चेंज के प्रभाव पर चर्चा की ।

वनस्पति विज्ञान विभाग के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यशाला का संचालन करते हुए को पीआई प्रो. ललित तिवारी ने कहा कि हिमालय विश्व का थर्ड वॉटर पोल है तथा एवरेज टेंपरेचर 2 डिग्री तक बढ़ चुका है । कार्बन डाइआकसाईड 424 पीपीएम से ज्यादा हो गई है तथा भारत का जलवायु परिवर्तन में योगदान 2.23 प्रतिशत है । जलवायु परिवर्तन से आउट माइग्रेशन, दे पॉपुलेशन सहित संस्कृति का क्षरण भी कर रहा है। डॉ. इकरमजीत सिंह ने प्रोजेकट के कार्यो सहित कार्यशाला की रूप रेखा प्रस्तुत की । द्वितीय सत्र में ब्रेन स्ट्रीमिंग सेशन में प्रतिभागियों ने कलाइमेट चेंज पर अपने विचार रखे तथा कहा कि जो पेड़ विकास के कारण कट रहे है उनके एवज पर नए पौधे लगाए जाय। कार्यक्रम में डॉ श्रुति साह ने जलवायु परिवर्तन के आस पास के उदाहरण दिए। तृतीय सत्र में प्रतिभागियों ने फ ील्ड अध्ययन के अंतर्गत तेलोंज,पद्म तथा किमो के पौधे लगाए तथा डॉ नवीन पांडे ने नैनीताल की प्रजातियों की जानकारी दी । कार्यशाला में 25 से ज्यादा सहायक प्राध्यापकों ने प्रतिभाग किया। दूसरी ओर सोमवार (आज) फैलो ऑफ नेशनल अकादमी डॉ. एस एस सामंत की ओर से इफेकट ऑफ कलाइमेट चेंज इन हिमालय पर व्याखायान दिया जाएगा । कार्य शाला में डॉ अमित मित्तल, डॉ बीना तिवारी, डॉ कृष्णा, डॉ.डसीला, डॉ प्रीति पंत, डॉ नीता, डॉ कुबेर गिनती, डॉ प्रियंका भट्ट, डॉ. शर्मा, डॉ अंबिका अग्निहोत्री, डॉ दीप्ति नेगी, डॉ नेहा जोशी, आरिफ , शाहबाज,जग जीवन,विशाल, राजेश तथा कुंदन आदि ने प्रतिभाग किया।

## प्रसव के दौरान दो प्रसूताओं की मौत

**हरिद्वार।** घटना के बाद परिजन आक्रोशित हो गए और अस्पताल परिसर में हंगामा खड़ा हो गया। परिजनों का कहना है कि अस्पताल में समय पर विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद नहीं थे और स्टाफ की लापरवाही के कारण दोनों महिलाओं की जान चली गई। उत्तराखंड के हरिद्वार के बहादराबाद क्षेत्र स्थित मां गंगा मैटरनिटी एंड आई केयर अस्पताल में डिलीवरी के दौरान दो प्रसूताओं की मौत हो गई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है और घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, बहादराबाद क्षेत्र स्थित निजी अस्पताल में दो अलग-अलग मामलों में गर्भवती महिलाओं को डिलीवरी के लिए भर्ती कराया गया था। डिलीवरी के दौरान दोनों की हालत बिगड़ गई और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजन आक्रोशित हो गए और अस्पताल परिसर में हंगामा खड़ा हो गया।

# लेवड़ा नदी क्षेत्र में जलभराव, प्रशासन ने भोजन एवं सहायता कार्य शुरू किया

**बाजपुर**

**हमारे संवाददाता**



पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण बाजपुर की लेवड़ा नदी में जल स्तर बढ़ने से इंदिरा कॉलोनी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिसमे एडीएम पंकज उपाध्याय एवं जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर मौके पर पहुंच जलप्रभवित क्षेत्रों अवाम प्रभवितो के घरों का मुआयना किया।

इस जलभराव से प्रभावित परिवारों के लगभग 1000 से 1200 व्यक्तियों को जिला प्रशासन ऊधम सिंह नगर तत्काल राहत प्रदान की जा रही है। डीएम नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशन में एसडीएम ,खाद्यान्न विभाग एवं प्रशासन की संयुक्त टीम ने प्रभावित लोगों को दोपहर का भोजन उपलब्ध कराया है एवं रात्रि भोजन की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। एसडीएम बाजपुर डॉ. अमृता शर्मा के निर्देशन में आपदा राहत कार्यों को गति दी जा रही है। जलभराव से प्रभावित परिवारों को आपदा मद से आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने के लिए पांच टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें प्रभावित परिवारों की सूची तैयार कर प्रशासन को उपलब्ध कराएंगी, ताकि समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से सहायता प्रदान की जा सके। जिला प्रशासन स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए हुए है और किसी भी प्रकार की आवश्यक सहायता हेतु तत्पर है।

## फ़िल्मी दुनिया

# फ़िल्म को नेशनल अवॉर्ड मिलने पर थम नहीं रहा विरोध



*हाल ही में नेशनल फिल्म अवॉर्ड का एलान हुआ। सुदीप्तो सेन के निर्देशन में बनी अदा शर्मा अभिनीत फिल्म द केरल स्टोरी को दो नेशनल फिल्म पुरस्कार मिले हैं। इस पर विरोध के सुर थम नहीं रहे। 7वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का हाल ही में एलान किया गया। इस बार साल 2023 में रिलीज हुई फिल्मों को नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिया गया है। फिल्म द केरल स्टोरी को भी नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला है। निर्देशक सुदीप्तो सेन को फिल्म के लिए बेस्ट डायरेक्टर का नेशनल अवॉर्ड दिया गया है। इस पर तमाम दर्शक खुश हैं। मगर, साथ ही विरोध के सुर भी शुरू हो गए हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन फिल्म को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक और सर्वश्रेष्ठ सिनेमैटोग्राफी पुरस्कार मिलने पर कड़ी आपत्ति जता चुके हैं। कई और नेताओं ने भी विरोध किया है। अब एफटीआईआई छात्र संगठन ने भी निंदा की है। भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) के एक छात्र संगठन ने %द केरल स्टोरी% को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार दिए जाने के फैसले की कड़ी निंदा की है और कहा है कि फिल्म को सरकार द्वारा समर्थित मान्यता न केवल निराशाजनक है, बल्कि खतरनाक भी है। साल 2023 में आई इस फिल्म में केरल में महिलाओं को आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट द्वारा जबरन धर्म परिवर्तन कराने और भर्ती करने की हकीकत दिखाई गई। इस पर जमकर विवाद हुआ था।*

### यह फिल्म नहीं, हथियार है

*एफटीआईआई छात्र संघ ने अपने एक बयान में कहा कि द केरल स्टोरी एक फिल्म नहीं, बल्कि एक हथियार है। इसमें कहा गया है, राज्य ने एक बार फिर अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है। अगर सिनेमा के नाम पर कोई दुष्प्रचार उसके बहुसंख्यकवादी, नफरत से भरे एजेंडे से मेल खाता है, तो वह उसे पुरस्कृत करेगा। द केरल स्टोरी कोई फिल्म नहीं है, यह एक हथियार है। यह एक झूठा विमर्श है, जिसका उद्देश्य मुस्लिम समुदाय को बदनाम करना और उस पूरे राज्य को बदनाम करना है, जो ऐतिहासिक रूप से सांप्रदायिक सद्भाव, शिक्षा और प्रतिरोध के लिए खड़ा रहा है।*

# बैंक के पूर्व शाखा प्रबंधक के फर्जी दस्तावेज बना लाखों लोन लेने वाले दंपति व उसकी पुत्रियों पर मुकदमा

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एक बैंक के पूर्व शाखा प्रबंधक के नाम पर फर्जी दस्तावेज बना कर लाखों का लोन लेने पर दंपति समेत उसकी पुत्रियों पर मुकदमा दर्ज किया है।

विम स्कवायर पार्क भदईपुरा निवासी शैलेंद्र कुमार ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में कहा था कि वह पूर्व में इंडसइंड बैंक शाखा आवास विकास में मैनेजर के पद पर कार्यरत था। इस दौरान उसके ड्राइवर निहाल सुमन पुत्र रविशंकर सुमन व शिवानी सुमन पत्नी रविशंकर सुमन, सोनाली सुमन पुत्री रविशंकर सुमन निवासी-तराई विहार कलौनी फाजलपुर महरौला ने साजिश के तहत बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत से उसकी इंडसइंड बैंक की फर्जी सैलरी स्लिप, बैंक आईडी, स्टेटमेंट व अन्य फर्जी प्रपत्र बनाकर लोन लिया था। जिसकी रिपोर्ट वर्ष, 2022 में ट्रांजिट कैंप थाने में पंजीकृत हुई थी। साथ ही आरोप पत्र भी कोर्ट में दाखिल हो चुका है। कुछ समय पहले उनके पास एक्सिस बैंक से लोन के संबंध में फोन आया। जब उसने जानकारी ली तो पता चला कि निहाल सुमन ने शिवानी सुमन, सोनाली सुमन, वैशाली सुमन, प्रशांत हलदार व अपने अज्ञात साथियों के साथ मिलकर पूर्व की तरह ही उसकी इंडसइंड बैंक की फर्जी सैलरी स्लिप, बैंकआईडी, स्टेटमेंट व अन्य फर्जी प्रपत्र बनाकर बैंक प्रबंधक से मिली भगत कर दो लोन 23 मई 2022 को सात लाख 45 हजार और दो दिसंबर 2022 को पांच लाख 29 हजार का लोन ले लिया है।

यह भी पता चला कि निहाल सुमन ने अपने साथियों के साथ मिलकर अन्य लोगों के नाम के भी फर्जी प्रपत्र बनाकर लाखों रूपये के लोन अलग-अलग बैंकों से लिए है। संभावना जताई कि आरोपित उसके परिवार के साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी कर सकते है। शैलेंद्र कुमार ने निहाल सुमन, शिवानी सुमन, सोनाली सुमन, वैशाली सुमन, प्रशांत हलदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। इधर, कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों पर प्राथमिकी पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

# आदर्श रामलीला कमेटी भवानीगंज प्रबंध कार्यकारिणी गठित

रामनगर

हमारे संवाददाता



आदर्श रामलीला कमेटी, भवानीगंज (रजि.) की प्रबंध कार्यकारिणी हेतु सम्पन्न हुये चुनाव में प्रदीप शर्मा अध्यक्ष व राजीव अग्रवाल मोनू सचिव निर्वाचित हुये।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार के पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। चुनाव अधिकारी गगन कुमार गणेश ने जानकारी देते हुये बताया कि मंदिर समिति प्रबंधन कार्यकारिणी हेतु आठ पदों पर चुनाव होना था जिसके लिये 30 व 31 जुलाई को मतपत्रों की बिक्री एवं नामांकन की प्रक्रिया हुई तथा 3 अगस्त रविवार को मतदान व मतगणना की प्रक्रिया की सम्पन्न हुयी। उनके अनुसार जिसमे से चार पदों पर निर्विरोध पदाधिकारी चुने गये व चार पदों पर चुनाव सम्पन्न हुये जिस हेतु 117 मतदाताओं में से 96 मतदाताओ ने मतदान किया जिसमें 2 वोट कैंसिल हो गये बाकी शेष बचे मतों की पांच राउंड में मतगणना हुयी जिसमे अध्यक्ष पद हेतु दो उम्मीदवारो में प्रदीप कुमार शर्मा (पुठिया) को 74 वोट मिले व ओमप्रकाश को 21 वोट मिले, सचिव के पद पर दो उमीदवारों में राजीव अग्रवाल मोनू को 52 वोट व नमित अग्रवाल को 44 वोट मिले, संयुक्त मंत्री पद पर दो उम्मीदवारो में ओमप्रकाश आर्यवंशी को 59 वोट व संजय गुप्ता को 36 वोट मिले, कोषाध्यक्ष पद पर दो उम्मीदवारो बृज किशोर चंद्रा को 71 वोट व मयंक रोत को 25 वोट मिले। इसके अलावा महा प्रबंधक हेतु सुनील शर्मा पप्पी, सहायक महा प्रबंधक हेतु कृष्ण कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष हेतु मुनीष चंद्रा, सहायक उपाध्यक्ष हेतु जीवन सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुये है। विजयी पदाधिकारियों को उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण करायी। शपथ ग्रहण के बाद नव निर्वाचित कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुयी जिसमे मंदिर के हित मे कार्य किये जाने व आगामी दिनों में रामलीला को सम्पन्न कराये जाने का निर्णय लिया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के द्वारा बधाइयां दी गयी है।

## News कार्नर

### गुंडा एक्ट के तहत जिला बदर की कार्रवाई



रुद्रपुर। जनपद के कोतवाली रुद्रपुर,काशीपुर, कुंडा और आईटीआई थाना पुलिस ने सात आदतन अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध गुंडा एक्ट के तहत जिला बदर के लिए रिपोर्ट भेजी थी।

सातों के आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने की पुष्टि के बाद अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन/नजूल) ने गुंडा नियंत्रण अधिनियम की धारा 3 के तहत सातों अपराधियों को ऊधम सिंह नगर से छह माह की अवधि के लिए जिला बदर करने के आदेश दिए थे। जिसके बाद पुलिस ने दूधियानगर रुद्रपुर निवासी गुरचरण सिंह उर्फ चन्नी पुत्र सिंघारा सिंह, काशीपुर के ग्राम फिरोजपुर निवासी अमरजीत सिंह पुत्र महिपाल सिंह, ग्राम सरवरखेड़ा कुंडा निवासी संदीप सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह, ग्राम सरवरखेड़ा कुंडा निवासी गुरप्रीत सिंह पुत्र तरसेम सिंह, छोटी बरखेड़ी आईटीआई निवासी किशन सिंह पुत्र मोहन सिंह, मंगल बाजार आलूफार्म आईटीआई निवासी सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खा, खड़कपुर देवीपुरा आईटीआई निवासी बंटी सिंह पुत्र गुलाब सिंह को रुद्रपुर से सटे रामपुर बार्डर पर लगाया गया। पुलिस ने ढोल नगाड़ों के साथ उन्हें छह माह के लिए जिला बदर कर दिया। उधर एसएसपी ने अपराधियों को सख्त चेतावनी दी है कि अपराध छोड़े या जिला। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में कोई कोताही न बरतें।

# योगा सेंटर के संचालकों पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का आरोप, धरना

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



दहेज प्रताड़ना और एक महिला की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतका की मां ने ससुराल पक्ष सहित योगा सेंटर के संचालकों पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए हत्या की आशंका जताई है। पीड़िता की मौत के बाद पहाड़ी आर्मी संगठन ने कोतवाली में धरना शुरू कर दिया है और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए हैं। मामले में मुखानी थाना पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, दीपा मेर पत्नी प्रेम सिंह मेर, निवासी हल्दुचौड़ तुलारामपुर थाना लालकुआं ने बताया कि उनकी पुत्री ज्योति मेर का विवाह फरवरी 2018 में कमल सबलानी पुत्र अशोक सकलानी निवासी जोधपुर (राजस्थान) से हुआ था।

वर्तमान में ज्योति हल्द्वानी के छोटी मुखानी स्थित जे.के.पुरम में आशा पांडे के मकान में तीसरी मंजिल पर किराये पर रह रही थी। वह के.वी.एम स्कूल के पास अजय योगा एंड फिटनेस सेंटर में महिला योगा ट्रेनर के तौर पर कार्यरत थी। दीपा मेर का आरोप है कि योगा सेंटर के मालिक अजय यदुवंशी और उनके छोटे भाई अभय यदुवंशी (राजा) द्वारा उनकी बेटी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। ज्योति ने यह बात अपनी भाभी तन्नु मेर को फोन पर बताई थी और कहा था कि वह डर के कारण जल्द ही नौकरी छोड़ने वाली है। बताया कि 31 जुलाई की सुबह 6 बजे ज्योति की सहकर्मी और मित्र निशा जोशी ने तन्नु मेर को फोन कर सूचना दी कि ज्योति बेहोशी की हालत में जमीन पर पड़ी है। जब दीपा मेर, तन्नु मेर और हेमु मेर मौके पर पहुंचे तो देखा कि ज्योति की सांसें नहीं चल रही थीं। उनके अनुसार, मृतका के सिर के पीछे सूजन थी और गले व हाथों पर चोट के निशान मौजूद थे। दीपा मेर का कहना है कि योगा सेंटर के दोनों भाइयों ने मिलकर उनकी बेटी की हत्या की है। उन्होंने पुलिस से एफआईआर दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

वहीं, घटना के विरोध में पहाड़ी आर्मी संगठन ने कोतवाली में धरना शुरू कर दिया है और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग कर रहा है। कोतवाल ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है, लेकिन संगठन के कार्यकर्ता अपनी मांग पर डटे हुए हैं। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने कहा कि मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। कोतवाली में धरना देने वालों में पहले आर्मी के संस्थापक हरीश रावत, भुवन पहाड़ी प्रेमा मृतक की चाची, मां दीपा मेर, अंजलि रौतेला, पार्षद नीमा भट्ट, गीता केड़ा, दीपा बोरा रेनू,चंद्र, अंजलि,भावना, तारा, आदि शामिल रहे।

# मन्नया बनीं मिस पहाड़न, संतोषी को मिला मिसेज पहाड़न का खिताब

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

वूमेन क्लब ऑफ उत्तराखंड द्वारा डांस फीवर 2025 प्रतियोगिता का भव्य आयोजन ऊंचापुल में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दर्जा मंत्री रेनू अधिकारी रहीं, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।वूमेन क्लब की अध्यक्ष मोनिका शर्मा ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य शोषित व वंचित बच्चों को प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को मंच देना है। कार्यक्रम में मिस पहाड़न और मिसेज पहाड़न जैसी प्रतियोगिताएं विशेष आकर्षण रहीं, जिनमें प्रतिभागियों ने शानदार रैंप वॉक और प्रस्तुतियां दीं।

मिस पहाड़न 2025 का खिताब 9 वर्षीय मन्नया ने अपने नाम किया। मिसेज पहाड़न 2025 का खिताब संतोषी गुरुरानी रहीं। प्रतियोगिता में भूमिका तिवारी और प्रियंका जोशी ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी श्वेता पंत ने निभाई। अंत में सभी विजेताओं व प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि रेनू अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हल्द्वानी की प्रमुख सामाजिक संस्थाओं और गणमान्यजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिसने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ाया।



# 92 लाख की हेरोइन समेत यूपी का ड्रग्स तस्कर किया गिरफ्तार



रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

एसटीएफ की एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स, कुमाऊं यूनिट और थाना बनबसा पुलिस की सयुंक्त में एक बड़ा ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से बरामद करीब 309.96 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद की। कीमत 92 लाख बताई जा रही है। उत्तराखंड को ड्रग्स फ्री देवभूमि एसएसपी एसटीएफ नवनीत भुल्लर ने ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई के लिये एसटीएफ की एएनटीएफ कुमाऊं यूनिट को जनपदों में कड़ी निगरानी रखने को निर्देशित किया। एएसपी स्वप्न किशोर सिंह व सीओ आरबी चमोला के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक एएनटीएफ कुमाऊं यूनिट पावन स्वरुप के नेतृत्व में टीम और थाना बनवसा पुलिस की संयुक्त में धनुष पुल चौकी के पास एक हेरोइन तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 309.96 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद हुई। एसएसपी एसटीएफ नवनीत भुल्लर ने बताया कि पूछताछ में तस्कर ने बताया कि वह यह हेरोइन बरेली के अरबाज मालिक से लेकर आया है। वह बनबसा बॉर्डर पर नेपाल के एक व्यक्ति को देनी थी। पूछताछ में अन्य कई ड्रग्स तस्करों के नाम की भी जानकारी हुई है। टीम उस पर कार्रवाई की जाएगी। **गिरफ्तार अभियुक्त**-शकुर अहमद, निवासी अब्बास नगर वार्ड नंबर 12 थाना- बहेड़ी बरेली यूपी। **एएनटीएफ कुमाऊं यूनिट की जनवरी 2025 से अब तक मादक पदार्थों की बरामदगी का विवरण**- चरस- 10 किलो 753 ग्राम।
हेरोइन -1 किलो 203.46 ग्राम।
एमडीएमए- 7.41 ग्राम।
अफीम- 2 किलो 513 ग्राम।

एंटी नार्कोटिक्स टीम प्रभारी निरीक्षक पावन स्वरुप, एसआई विपिन चंद्र जोशी, एसआई विनोद चंद्र जोशी, हेड कांस्टेबल महेंद्र गिरी, किशोर कुमार, वीरेंद्र चौहान,जितेंद्र कुमार समेत थाना बनबसा से एसआई दिलबर सिंह, ललित चौधरी, विक्रम सिंह आदि शामिल रहे।

# निर्माणाधीन भवन में काम करने के दौरान राज मिस्त्री की करंट से मौत

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

मेडिकल कालेज में भवन निर्माण करने के दौरान एक श्रमिक करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गया। उसे आनन-फानन में जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया।

जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सिडकुल पुलिस चौकी प्रभारी जीडी भट्ट अस्पताल पहुंचे। उन्होंने जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भिजवाया। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से ग्राम कनहरिया पोस्ट डगरूआ जिला पूर्णिया बिहार निवासी 35 वर्षीय मुजफ्फर अंसारी पुत्र जलील अहमद जीएमटी बिल्डिंग कन्ट्रेक्टर कंपनी से जुड़कर पिछले करीब एक माह से यहां मेडिकल कालेज के निर्माणाधीन भवन निर्माण कार्य में लगा हुआ था। बताया जा रहा है कि शनिवार की सायं जब वह भवन निर्माण कार्य कर रहा था। तभी वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। अचानक हुई इस घटना से वहां पर मौजूद अन्य लोगों में हड़कम्प मच गया और उसे उपचार को आनन फानन में जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मृतक के करीबी रिश्तेदार पहुंचे। सूचना पर चौकी प्रभारी पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतक करंट लगने से झुलस गया था। अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शव पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेजा है। मृतक तीन भाईयों में सबसे बड़ा था।उसके तीन बच्चे हैं। परिजनों को सूचना दी गई है।

## सूचना

फर्म मै0 स्नोह्वाइट पता- 6/856 बलुटिया बिल्डिंग, बद्रीपुरा, हल्द्वानी (नैनीताल) में रजिस्टर है। जिसका रजिस्टेशन नं0- UKFIRM00661023010056 जो कि दिनांक 27.10.2023 को रजिस्टर कराई गई थी, जिसके चार पार्टनर हैं। उसमें से अंशुल धवन पुत्र श्री तिलक राज धवन की दिनांक 28.09.2023 से पार्टनरशिप फर्म से अलग कर दिया गया है।

पार्टनर
चेतन बलुटिया

# जिलाधिकारी वंदना ने 41 से 60 तक के पार्षदों समस्याएं सुनी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



तीसरे दिन रविवार को भी जिलाधिकारी वंदना ने हल्द्वानी नगर निगम के वार्ड 41 से 60 तक के पार्षदों के साथ बैठक कर सुनी समस्याएं, नगर के विकास हेतु लिए गए अनेक सुझाव। बैठक में हुए कई निर्णय ।

समस्या सुनते हुए जिलाधिकारी वंदना ने कहा कि शीघ्र ही नगर के सभी वार्डों में आधार कार्ड, पेयजल एवं विद्युत बिलों के संशोधन व राशन कार्डों का सत्यापन, संशोधन हेतु लगाए जाएंगे। इन तीन दिनों में पार्षदों द्वारा उठाई गई क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु प्रत्येक पांच वार्डो का कलस्टर तैयार कर इनमें शिविर लगाकर इन उठाई गई समस्याओं का मौके पर जाकर जनता से जानकारी लेने के साथ ही समस्याओ का समाधान किया जाएगा। वार्डों में सफाई व्यवस्था के समाधान हेतु नगर निगम द्वारा 15 दिन के भीतर सफाई कार्मिकों की वार्डवार तैनाती करने के साथ ही उन्हें पर्याप्त संख्या में संसाधन आदि उपलब्ध कराए जाएंगे। जनता की सुरक्षा एवं स्थाई समाधान के मद्देनजर रकसिया नाले की चौड़ाई व गहराई बढ़ाए जाने हेतु विभागों द्वारा सर्वे कर मानकों के अनुरूप कार्य कराया जाएगा, अतिक्रमण चिन्हीकरण में पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार, आपत्तियों का निस्तारण करते हुए, सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प पर काम होगा, इसके लिए स्थानीय पार्षद आवश्यकता के अनुसार अतिक्रमण हटवाने में सहयोग करेंगे । विभिन्न क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त गूलों का सिंचाई एवं नगर निगम के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर जिन गूलों से किसानों के द्वारा सिंचाई की जाती है उनकी मरम्मत सिंचाई विभाग द्वारा तथा जल निकासी वाले गूलों की मरम्मत नगर निगम द्वारा की जाएगी।

नगर अंतर्गत खुली हुई नहरों के किनारे लोक निर्माण विभाग द्वारा रोड सेफ्टी के कार्य 15 दिन के भीतर कराए जाएंगे। लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान नगर आयुक्त ऋचा सिंह,सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट सहित हल्द्वानी नगर के वार्ड 41 से वार्ड 60 तक के विभिन्न पार्षद, नगर निगम व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।